सहकार कूपट्यूब एनसीडीसी चैनल

प्रीलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकर कूपट्यूब NCDC चैनल

मेन्स के लिये:

सहकार कूपट्यूब NCDC चैनल के उद्देश्य

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (National Cooperative Development Corporation-NCDC) की एक नई पहल, **सहकार कूपट्यूब एनसीडीसी चैनल** (Sahakar Cooptube NCDC Channel) की शुरुआत की है।

उद्देश्य:

- इसका उद्देश्य किसानों और युवाओं को सहकारी समितियों का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करना है।
- सहकारिता के माध्यम से युवाओं के लिए **रोज़गार के अवसर भी बढ़ सकेंगे**।
    - इस पहल से सहकारिता की दिशा में जागरूकता बढ़ेगी।
- सहकारिता हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इसके माध्यम से, सरकार का प्रयास सहकारी आंदोलन में युवाओं की भागीदारी को सुविधाजनक बनाना है।

प्रमुख बिंदु:

- केंद्रीय **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** ने किसी सहकारी संस्था या समिति के गठन और पंजीकरण हेतु **अठारह विभिन्न राज्यों** के लिये हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में NCDC द्वारा निर्मित मार्गदर्शक वीडियो भी लॉन्च किये हैं।
- **यू-ट्यूब प्लेटफार्म** पर चलने वाले, सहकार कूपट्यूब चैनल की शुरुआत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश,बिहार,छत्तीसगढ़,झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, मिज़ोरम, त्रिपुरा, केरल, गुजरात, पंजाब एवं कर्नाटक राज्यों में की गई है।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम:

- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की **स्थापना वर्ष 1963 में** संसद के **एक अधिनियम द्वारा** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक **सांविधिक निकाय** के रुप में की गई थी।
- NCDC का उद्देश्य कृषि उत्पादन, खाद्य पदार्थों, औद्योगिक वस्तुओं, पशुधन और सहकारी सिद्धांतों पर उत्पादित कुछ अन्य अधिसूचित वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, निर्यात और आयात तथा इसके साथ संबंधित मामलों या आकस्मिक मामलों के लिये कार्यक्रमों की योजना बनाना और उनका संवर्द्धन करना है।
- NCDC सहकारी क्षेत्र हेतु शीर्ष **वित्तीय तथा विकासात्मक संस्थान** के रूप में कार्यरत एकमात्र सांविधिक संगठन है। यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में **सहकारिता** को सहयोग प्रदान करता है।

- **संगठन एवं प्रबंधन-**
  - निगम की नीतियों तथा कार्यक्रमों का निर्माण करने के लिये निगम का प्रबंधन एक व्यापक प्रतिनिधित्व वाली**51 सदस्यीय सामान्य परिषद** में तथा दिन-प्रतिदिन के कार्यकलापों को निष्पादित करने के लिये एक **12 सदस्यीय प्रबंध मंडल** में निहित है ।
  - अपने प्रधान कार्यालय के अलावा NCDC अपने 18 क्षेत्रीय/राज्य निदेशालयों के माध्यम से कार्य करता है ।
- वर्ष 1963 में 22 करोड़ रुपए की अल्प संवितरण के साथ शुरुआत करते हुए, NCDC ने**2019-20 के दौरान लगभग 28,000 करोड़ रुपए का वितरण** किया है।
- NCDC ने पिछले छह वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है।
  - इसने वर्ष 1963 के बाद से पिछले छह वर्षों में संचयी वित्तीय सहायता का लगभग **83% हासिल** किया है।

स्रोत: PIB

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sahakar-cooptube-ncdc-channel